संजय बाजार में अवैध हटवाड़े के खिलाफ हैरिटेज नगर निगम में धरने पर बैठे व्यापारी

आयुक्त के साथ वार्ता में 7 मांगों पर सहमति बनी, अगले सप्ताह से दुकानों की नीलामी प्रक्रिया शुरू होगी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । परकोटे के संजय बाजार में लगने वाले हटवाड़े के खिलाफ गुरुवार को हैरिटेज निगम मुख्यालय में व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारी व्यापारियों ने अपनी 7 सूत्री मांगों को लेकर निगम कमिश्नर अरुण कुमार हसीजा के साथ बैठक की। इसमें सभी मांगों पर सहमति बनने के बाद व्यापारियों ने प्रदर्शन समाप्त किया। इसके बाद अब अगले सप्ताह से संजय बाजार में लगने वाले हटवाड़े में नगर निगम प्रशासन द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाकर दुकानों की नीलामी प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

दरअसल, संजय बाजार में अवैध हटवाड़े के खिलाफ पिछले लंबे वक्त से स्थानीय व्यापारी विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। करीब 7 दिन पहले व्यापारियों ने 12 दिसंबर के दिन नगर निगम मुख्यालय में धरने की चेतावनी दी थी। जिसके बाद आज बड़ी संख्या में व्यापारी धरना देने पहुंचे, लेकिन नगर निगम कमिश्नर ने व्यापारियों से बातचीत कर उनकी सभी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दे दिया। इसके बाद व्यापारियों ने अब नगर निगम प्रशासन को 2 सप्ताह में कार्रवाई शुरू करने का वक्त दिया। इसके साथ ही ऐसा नहीं होने पर फिर से आंदोलन की चेतावनी दी।

हैरिटेज निगम कमिश्नर अरूण हसीजा ने गुरूवार को व्यापारियों से वार्ता की।

बताया जा रहा है कि निगम प्रशासन से वार्ता में सहमति बनी है कि, 21 दिसंबर से (शनिवार) संजय बाजार में लगने वाले हटवाडे वाले स्थान पर तारबंदी (बैरिकेटिंग) कर दी जाएगी। करीब 298 स्ट्रीट वेन्डर जिन्हें उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा परमिशन दी गई है, सिर्फ उन्हें ही अस्थाई बाजार लगाने की अनुमति दी गई है।

संजय बाजार में स्ट्रीट वेन्डर के लिए वेन्डिंग जोन निर्धारित करने के लिए टाउन वेडिंग कमेटी की बैठक में वेडिंग जोन निर्धारित कर हटवाड़े को प्रतिबंधित किया जाएगा।

■ **वार्ता में निगम प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि, 21 दिसंबर से संजय बाजार में लगने वाले हटवाडे वाले स्थान पर तारबंदी (बैरिकेटिंग) कर दी जाएगी। करीब 298 स्ट्रीट वेन्डर जिन्हें उच्च न्यायालय जयपुर द्वारा परमिशन दी गई है, सिर्फ उन्हें ही अस्थाई बाजार लगाने की अनुमति दी गई है।**

संजय बाजार की दुकानों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। जिसमें दुकानों के स्वामित्व की जांच और अवैध अतिक्रमण हटाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम हैरिटेज मेयर कुसुम यादव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जाएगा। जिसमें उपायुक्त (सतर्कता), उपायुक्त (आदर्श नगर जोन), उपायुक्त (भूमि), राजस्व अधिकारी, विधि अधिकारी, और संजय बाजार व्यापार मण्डल और व्यापर महासंघ के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

अगले सप्ताह से संजय बाजार में हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही शुरू की जाएगी। संजय बाजार में भौतिक सत्यापन के बाद दुकानों की निलामी की जाएगी।

संजय बाजार हटवाड़े से संबंधित उच्च न्यायालय में विचाराधीन दायर याचिका में निगम स्तर पर अधिवक्ता नियुक्त कर अतिरिक्त महाधिवक्ता द्वारा इस प्रकरण से संबंधित तथ्यों को पेश किया जाएगा।

संजय बाजार में अवैध रूप से खड़े रहने वाले थड़ी-ठेलों को हटाने की नियमित रूप से कार्यवाही की जाएगी। संजय बाजार में अवैध रूप से खड़े वाहनों और काफी समय से अनुपयोगी वाहनों को हटाने की कार्यवाही की जाएगी। संजय बाजार के बरामदों और नव निर्मित दुकानों के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा।

इस दौरान बैठक में नगर निगम कमिश्नर, एडिशनल कमिश्नर, उपायुक्त (सतर्कता), उपायुक्त राजस्व (प्रथम), सुभाष गोयल, अध्यक्ष, जयपुर व्यापार महासंघ, सुरेश सैनी, महामंत्री, हरीश केडिया, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेन्द्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुरेश लक्षकरी, अध्यक्ष, संजय बाजार व्यापार मण्डल, विष्णु शर्मा महामंत्री, पियूष अग्रवाल मौजूद रहे।

वादग्रस्त अवैध इमारत को अटैच करने के आदेश

जयपुर (कासं)। बनीपार्क स्थित शिव मार्ग पर 508 वर्गगज जमीन पर वर्ष 2005 में जारी हुए कोर्ट स्टे के बावजूद बनाई गई अवैध कमर्शियल बिल्डिंग को अटैच करने के आदेश अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम 3 जयपुर महानगर प्रथम ने दिए हैं।

बताया जा रहा है कि सिविल न्यायालय के करीब 20 वर्ष पुराने स्थगन आदेशों की अवहेलना करके बनाई गई इस अवैध इमारत के मामले में कुछ माह पूर्व एडीजे राकेश गोरा ने सुनवाई करते हुए वादग्रस्त संपत्ति जब्त करने और परिवादी एडवोकेट रामबाबू, श्याम बाबू, उमेश पुरोहित और दिनेश पारीक को 3 लाख रु. हर्जाना देने के आदेश दिए थे। साथ ही इस प्रकरण में अदालत ने 2 याचिकाओं में प्रमिला गुप्ता, तनवीर और फिरोज खान को दोषी माना था। दोष सिद्ध होने के कारण इन तीनों लोगों की अपील राजस्थान हाईकोर्ट के जस्टिस उमाशंकर व्यास ने भी खारिज कर दी थी।

उधर अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम 3 जयपुर महानगर प्रथम द्वारा वादग्रस्त संपत्ति जब्त करने के आदेश को राजस्थान हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी, लेकिन अदालत ने स्टे नहीं दिया। इसके बाद निचली अदालत ने इस वादग्रस्त संपत्ति को अटैच करने के आदेश दिए।

सार-समाचार

घोड़े की वफादारी की दास्तान है 'आज़ाद'

जयपुर । सफल फ़िल्मों के निर्देशक अभिषेक कपूर द्वारा निर्देशित नई फ़िल्म आज़ाद के प्रमोशन के लिए फ़िल्म से डेब्यू कर रही नई स्टार जोड़ी अमान देवगन जो अजय देवगन के भतीजे हैं और राशा थडानी जो अभिनेत्री रवीना टंडन की बेटी हैं, ने जयपुर में आज मीडिया से बात की। ख़ुद अजय देवगन भी इसमें एक महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। यह एक एक्शन एडवेंचर फ़िल्म है जिसका निर्माण रॉनी स्क्रूवाला और प्रज्ञा कपूर ने किया है। फ़िल्म का संगीत अमित त्रिवेदी ने तैयार किया है। जयपुर में आज मीडिया को फ़िल्म का टीजर भी दिखाया गयाजिसमें बताया गया कि इस कहानी का दिल एक योद्धा है, और धड़कन है - आज़ाद । हर जंग में, हर बहादुर योद्धा के साथ एक वफादार घोड़ा जरूर रहा है। टीजर की शुरुआत में बैकग्राउंड में महिला वॉइस में यह कहते हुए सुनाई पड़ता है।

प्रदीप निमरोट जिला अध्यक्ष निर्वाचित

जयपुर । राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जयपुर शहर जिला अध्यक्ष के चुनाव राजधानी जयपुर में सम्पन्न हुए। जिसमें प्रदीप निमरोट ने भारी बहुमत से 1190 मत प्राप्त कर रिकॉर्ड मत 386 वोट से जीत दर्ज की। जबकि निकटतम प्रतिद्वंदी पूर्व जिला अध्यक्ष महिपाल सामोता को 804 मत प्राप्त हुए। राजस्थान नर्सेज संघर्ष समिति अध्यक्ष सोमसिंह मीना ने बताया कि प्रदीप निमरोट के जिला अध्यक्ष निर्वाचित होने पर एसएमएस हॉस्पिटल,जेकेलोन हॉस्पिटल, महिला हॉस्पिटल , जनाना हॉस्पिटल ,स्टेट कैंसर हॉस्पिटल इत्यादि जयपुर राजधानी की नर्सेज ने माल्यार्पण एवं साफा पहनाकर बधाई दी। इस मौके पर संगठन ने नर्सेज को मिठाई खिलाकर आभार और धन्यवाद दिया जिला अध्यक्ष प्रदीप निमरोट ने सदैव नर्सेज हित में पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने को आश्वस्त कर संकल्प लिया।

नासा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

जयपुर । श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल, जयपुर-5 ब्रांच ने एक प्रेरणादायक और शैक्षिणक नासा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजा के साथ हुई। मुख्य अतिथि सुबोध पी. जी. कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर बलराम त्रिपाठी रहे। उनके प्रेरणादायक संबोधन ने छात्रों को नवाचार और जिज्ञासा के महत्व को समझाया। जूनियर वैज्ञानिकों को पंख देने की तैयारी में इन्हें नासा किट वितरित किए गए। बच्चों को ज्ञान और प्रोत्साहन देने के लिए नासा किट पर चर्चाओं का आयोजन किया गया। स्कूल प्रिंसिपल शबाना अमजद ने बताया कि नासा प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों के लिए अंतरिक्ष अन्वेषण के प्रति रुचि बढ़ाने का मंच साबित हुआ। कार्यक्रम में रिजनल इंचार्ज हर्षिता सेठिया, एकेडमिक डीन पंकज सोनी भी उपस्थित रहे।

जीवन बीमा के लिए जागरूकता

जयपुर । बजाज आलियांज़ लाइफ इंश्योरेंस ने राजस्थान में बीमा जागरूकता को बढ़ाने के उद्देश्य से वैन आउटरीच प्रोग्राम की शुरुआत की है। यह अभियान उदयपुर से शुरू होकर अगले दो महीनों में 40 जिलों को कवर करेगा। इसके तहत, लोगों को बीमा से संबंधित जानकारी और सामग्री दी जाएगी। बजाज आलियांज़ लाइफ इंश्योरेंस के हेड ऑफ लीगल, कंप्लायंस और एफपीयू, अनिल पीएम ने कहा,"राजस्थान के लीड लाइफ इंश्योरर होने के नाते हम राजस्थान के लोगों को सही जानकारी देकर उनके जीवन लक्ष्यों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा उद्देश्य बीमा को सरल, सुलभ और समझने योग्य बनाना है।" वैन आउटरीच प्रोग्राम के तहत निवासियों को जीवन बीमा की जानकारी देने वाले लीफलेट वितरित किए जाएँगे। हर महीने की 10 तारीख को मासिक बीमा दिवस मनाया जाएगा। जिला स्तरीय बीमा बैठकें आयोजित की जाएगी। इन गतिविधियों से न सिर्फ जागरूकता बढ़ेगी बल्कि ग्राहक अपने आर्थिक भविष्य को बेहतर तरीके से सुरक्षित कर सकेंगे।

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन का आयोजन

जयपुर । मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर में स्मार्ट इंडिया हैकाथन-2024 की 7वें संस्करण के ग्रैंड फिनाले की शानदार शुरुआत हुई । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीआरडीएल, हैदराबाद के निदेशक शिवपाल सिंह शामिल हुए। उनके साथ मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर के कुलपति प्रो. नीति निपुण शर्मा, प्रति कुलपति प्रो. करुणाकर ए कोटेगर, कुलसचिव डा. नीतू भटनागर भी शामिल हुए । पूरे देश में इस कार्यक्रम का शुभारंभ भारत सरकार के केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विडिओ कानफ्रेंसिंग के जरिये किया । इस हैकाथॉन में देश के 10 राज्यों से लगभग 156 प्रतिभागी शामिल हुए हैं। इन में 103 छात्र और 53 छात्राएं हैं। इन छात्र छात्राओं को लेकर कुल 26 टीम हिस्सा ले रहे हैं।

गैस पाइप लाइन टूटी, लीकेज से हड़कंप

जयपुर । कालवाड़ रोड पर गुरूवार को पेयजल पाइप लाइन डालने के लिए चल रही खुदाई के दौरान जेसीबी से गैस पाइप लाइन टूट गई। गैस के लीकेज से मौके पर हड़कंप मच गया। मामले की जानकारी गैस कम्पनी को दी। सूचना पर अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और गैस की लीकेज को बंद किया, तब जाकर प्रशासन और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। घटना करधनी थाना इलाके में शेखावत मार्ग की है। पुलिस के अनुसार कालवाड़ रोड स्थित शेखावत मार्ग पर पीने के पानी के लिए पाइप लाइन डालने का काम चल रहा है। खुदाई करने के दौरान वहां से गुजर रही टोरेंट कम्पनी की गैस लाइन में छेद हो गया। इससे गैस का लीकेज शुरू हो गया। गैस का लीकेज देखकर वहां पर मौजूद कर्मचारी जान बचाकर दूर भाग निकले। गैस की लीकेज देखकर स्थानीय लोग भी जमा हो गए। गैस लीकेज की सूचना से आसपास की कॉलोनियों में दहशत सी फैल गई थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और टोरंटो कम्पनी को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंच कर कम्पनी अधिकारियों ने लीकेज को बंद किया, तब जाकर स्थानीय लोगों ने राहत ली।

चार साल की मासूम से दुष्कर्म

जयपुर । अशोक नगर इलाके में शराब के नशे में धुत पडौसी युवक ने एक चार वर्षीय बालिका से दुष्कर्म किया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की शिनाख्त परेड करवाई जाएगी। पुलिस के अनुसार भोजपुरा कच्ची बस्ती निवासी एक महिला ने मामला दर्ज करवाया कि बुधवार को उसकी 4 वर्षीय बेटी घर के बाहर खेल रही थी इसी दौरान पडौसी युवक आया और उसके घर से 20 कदम दूर खाली मकान में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। बालिका ने घर पहुंच कर परिजनों को आपबीती बताई। पुलिस ने बताया कि बालिका से दुष्कर्म करने करने वाले आरोपी पडौसी युवक को बापर्दा गिरफ्तार किया है। उसकी शिनाख्त परेड करवाई जानी है। घटना के दौरान बालिका के परिजन घर पर ही थे। आरोपी युवक घटना के समय शराब के नशे में था।

'राजस्थानी फिल्मों के अनुदान की सिलिंग बढ़ाएं सरकार'

जयपुर । राजधानी के जगतपुरा स्थित वृंदावन गार्डन में आरआरआर फिल्म प्रोडेक्शन तले बन रही राजस्थानी फिल्म प्यारी भाभी मां का भव्य मुहूर्त किया गया। इस अवसर पर फिल्म के निर्माता राजेश खन्ना व सुनील रूपानी, सह निर्माता राज भार्गव, निर्देशक अनिल सैनी और लेखक अनिल भूप ने आने वाली फिल्म की वर्तमान समय में आवश्यकता को उजागर किया।

लेखक अनिल भूप ने बताया कि हमारी राजस्थानी संस्कृति को पोषित करना, उसका विस्तार करना हमारा उद्देश्य है। इसलिए हमने यथा नाम तथा गुण के आधार पर फिल्म का टाइटल रखा है। निर्देशक अनिल भूप ने बताया कि हम यह मानते हैं कि किसी घर में किसी बेटे को अपनी मां के बाद सबसे अधिक प्यार उसकी भाभी ही दे सकती है। यही रिश्ता बहुत पवित्र होता है जिसे वर्तमान समय में बड़ा भोंडा और कुरूप बना दिया गया है। हम उस संस्कृति को इस फिल्म में जीवंत कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग 2 जनवरी से सीकर से शुरू होगी और मार्च सिनेमा घरों दर्शकों से रूबरू हो सकेगी। फिल्म का क्लैप नायिका उषा जैन ने दिया। अन्य कलाकारों का मंच पर दुशाला ओढ़ा कर तथा साफा पहना कर स्वागत किया गया।

निर्देशक अनिल सैनी ने बताया कि नए साल में करीब 8 स्थानीय फिल्मों का प्रदर्शन होने जा रहा है। इससे प्रदेश में दो दशक पूर्व का माहौल बनने की आशा है। राजस्थान सरकार को महाराष्ट्र सरकार की तरह सिनेमा हाल पर पाबंदी लगानी चाहिए कि एक शो राजस्थानी भाषा का अवश्य दिखाया जाए। राजस्थानी फिल्मों के अनुदान की सिलिंग 25 लाख से बढ़ाकर 50 लाख की जानी चाहिए। अनुदान की प्रक्रिया सरल और पारदर्शी हो।

आई.पी.डी. टावर से 143 बंडल वायर चुरा ले गए बदमाश

जयपुर (कासं)। राजधानी जयपुर के सबसे बड़े सवाई मानसिंह अस्पताल परिसर में जेडीए द्वारा बनाए जा रहे निर्माणाधीन महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट आईपीडी टावर में चोरी हो गई। चोर बेसमेंट से 143 बंडल वायर के ले गए। घटना के सम्बंध में प्रोजेक्ट मैनेजर ने थाने में मामला दर्ज कराया है।

पुलिस के अनुसार श्यामपुरा मंडवा झुंझुनूं निवासी महेश पूनिया ने मामला दर्ज करवाया कि आईपीडी टावर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। आईपीडी टावर के बेसमेंट से चोर दो अलग-अलग कंपनियों के 143 बंडल वायर ले गए। इसमें 1.5 एमएम के 28, 2.5 एमएम के 26 और 4 एमएम के 89 बंडल शामिल है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस मामले में घटना स्थल के आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

मोबाइल लुटेरे और खरीददार गिरफ्तार

जयपुर। शिप्रा पथ थाना पुलिस ने दो शातिर मोबाइल लुटेरे और लूटे गए मोबाइल को खरीदने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है। मोबाइल लुटेरों के पास से पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक मोबाइल और लूट में प्रयोग ली जाने वाली एक बाइक भी बरामद की है। आरोपी लूटे गए मोबाइल फोन को मनचाहे दाम पर बेच देते थे। जो पैसा मिलता, उससे नशा करते थे।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनंद ने बताया कि शिप्रा पथ थाना पुलिस ने मोबाइल लुटेरे शंकर लक्षकार निवासी सांगानेर,नरेन्द्र सिंह निवासी सपोटरा करौली हाल शिवदासपुरा और सलमान खान निवासी सुभाष कॉलोनी गुल्लर का बंधा शिकारपुरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से लूटे गए मोबाइल रिकवर किए। आरोपी नशे की आदत की पूर्ति एवं महंगे शौक पूरा करने के लिये चेन व पर्स व मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देते हैं।

आरोपी व्यस्त मार्केट वाले क्षेत्रों में रेकी करते हुए टारगेट तय करते हैं। रैकी के अनुसार बाइक से लोगों का पीछा करते पीछा करते हुये मौका पाकर मोबाईल स्नैच की वारदात को अंजाम देते है। आरोपी वारदात के बाद मुख्य रास्तों को छोड़ कर गलीयों से निकल जाते है और सस्ते दामो में मोबाइल को बेच देते है।

गौरतलब है कि गत दिनों शिप्रापथ थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े बाइक सवार लुटेरों ने महिला से मोबाइल स्नैच करने की वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता अनुपम शर्मा निवासी भगवत कृपा सविता कॉलोनी निम्बाहेडा चित्तौड़गढ़ हाल बालाजी रेजिडेंट्स कीर्ति सागर माग्यावास पुलिस थाना मानसरोवर जयपुर की रिपोर्ट पर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की।

साइबर ठगों ने 93 हजार रु.पार किए

जयपुर । महेश नगर इलाके में एक महिला वकील के बैंक खाते से साइबर ठगों द्वारा 93 हजार रुपए निकालने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल विजय सिंह ने बताया कि राधा बिहार स्वेज फार्म महेश नगर निवासी वकील पल्लवी शर्मा (26) ने शिकायत दी है कि 11 दिसम्बर को सुबह उनके मोबाइल पर अलिशा सिंह नाम की युवती का कॉल आया। कॉलर ने आई फोन-15 गिफ्ट का लालच देकर देकर कई बार कॉल किए। कॉल करने वाली लड़की ने कहा कि आप का नंबर लक्की कस्टमर में है। हम आपको आई फोन-15 गिफ्ट देना चाहते है। मना कर फोन काट दिया। काफी बार कॉल करने के बाद वॉट्सऐप पर मैसेज आया। आई फोन-15 के ऑर्डर कंफर्म करने के लिए मैसेज लिखा आया। बिना ओटीपी और बिना लिंक भेजे बैंक अकाउंट से 93 हजार रुपए निकाल लिए।

पुलिस ने तस्करों के ठिकानों पर छापा मारकर एक करोड़ रु.की ड्रग्स पकड़ी

जयपुर (कासं)। जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने गुरूवार को ड्रग्स तस्करों के 10 ठिकानों पर छापेमारी करके करीब 1 करोड़ रु. की नशीली सामग्री पकड़ी। इसके साथ ही 3 महिलाओं समेत 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई महेश नगर, करधनी, जयसिंहपुरा खोर, ट्रांसपोर्ट नगर, श्याम नगर, शिवदासपुरा, सांगानेर सदर, मुहाना, प्रताप नगर एवं रामनगरिया थाना इलाके में की गई।

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार आरोपितों के पास से अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स 187 ग्राम, स्मैक 83.26 ग्राम, गांजा 1 किलो 504 ग्राम, अवैध शराब के 139 पव्वे एवं 16 बोतल बीयर एवं बिक्री की राशि 25 हजार रुपये बरामद किए गए है। पुलिस के अनुसार बरामद अवैध मादक पदार्थ की अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय बाजार कीमत 1 करोड़ रुपये है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी है।

■ **पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने 3 महिलाओं समेत 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि फरार हुई एक महिला तस्कर की तलाश जारी है**

पुलिस ने आरोपी राकेश बंसल (35) निवासी मानसरोवर जयपुर,विजय सिंह (37) निवासी सुदर्शनपुरा करतारपुरा अशोक नगर जयपुर,विक्की धानका (24) निवासी टोंक फाटक बजाज नगर जयपुर, साहिल मालावत (19) निवासी पनियाला मोड जिला कोटपूतली बहरोड, एजाज खान उर्फ सलमान (24) निवासी उत्तर प्रदेश हाल निवारू रोड जयपुर, महिला तस्कर प्रेरणा (19) निवासी श्याम नगर जयपुर हाल श्याम नगर जयपुर, राहिल खान उर्फ अनस (27) निवासी रामगंज जयपुर, नगीना (29) निवासी भांकरोटा जयपुर हाल प्रताप नगर जयपुर, राहुल सोलंकी (19) निवासी सूरसागर जिला जोधपुर हाल शिवदासपुरा जयपुर,राधा सांसी (40) निवासी नासिरदा जिला टोंक हाल सांगानेर सदर जयपुर,पारस जैन (51) निवासी मालपुरा गेट जयपुर हाल रामनगरिया जयपुर, लक्ष्मण (32) निवासी मुहाना जयपुर को गिरफ्तार किया है और वहीं एक महिला तस्कर कमली सांसी फरार हो गई। जिसकी तलाश की जा रही है।

मसाला चौक पर गूंजे भगवान राम के भजन

"राम ही सुर" भजन प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रतिभागी सम्मानित

जयपुर । जयपुर समारोह-2024 की श्रृखंलाओं के अन्तर्गत गुरूवार को "राम ही सुर" कार्यक्रम मसाला चौक, रामनिवास बाग पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल, सांस्कृतिक समिति चैयरमेन दुर्गेश नन्दनी, डॉ. मीनाक्षी शर्मा, रमेश चन्द्र सैनी, गणेश सिंह नाथावत, विरेन्द्र सिंह शेखावत, इन्द्र प्रकाश धाभाई, लक्ष्मण नूनीवाल, महेश सैनी, विजेन्द्र पाल सिंह, नरेन्द्र सिंह सहित नगर निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवं स्कूल कॉलेजों की छात्राऐं मौजूद रही। मंत्री जोगाराम पटेल ने भजनों की प्रस्तुति का आनंद लिया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान युवा पीढ़ी को भगवान राम के आदर्शो पर चलने की आवश्यकता है भजन प्रतियोगिताओं के माध्यम से उनमें संस्कारों का बीजारोपण होगा और भी संस्कारवान बनेंगे।

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि "राम ही सुर" भजन प्रतियोगिता में 11 स्कूल, कॉलेज की 21 टीमों के 200 से अधिक छात्र-छात्राओं द्वारा भाग लिया गया। युवाओं में राम भजनों के प्रति उत्साह नजर आया। महारानी कॉलेज, कनोडिया कॉलेज, बियानी कॉलेज, यूनिवर्सिटी का म्यूजिकल डिपार्टमेंट, संगीत संस्थान, राजस्थान कॉलेज, पारीक कॉलेज की टीमों द्वारा "हम कथा सुनाते है" "ये चमक ये दमक" "जैसे सूरज की गर्मी" "रघु नन्दन जयश्री राम" "हम कथा सुनाते है" जैसे भजन प्रस्तुत किये गये । जिससे वहां बैठे श्रोताओं ने भजनों के संगीत मय प्रस्तुति से भाव विभोर होकर भजनों का आंनन्द लिया। उन्होंने बताया कि निर्णायक मण्डल द्वारा "राम ही सुर" भजन प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे प्रतिभागीयों को सम्मानित किया गया।

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने 25 हजार का इनामी बदमाश दबोचा

आरोपी ने मुहाना इलाके से दो युवकों का अपहरण किया था, एक की पीट-पीट कर कर दी थी हत्या

जयपुर (कासं)। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने मुहाना थाना इलाके से 5 महीने पहले दो युवकों का अपहरण कर एक लाख की फिरौती मांगने तथा पीट पीटकर एक युवक की हत्या करने के मामले में घटना के वक्त से फरार चल रहे आरोपी शंकर मेघवाल पुत्र मूलचंद (27) निवासी कृष्णा नगर मानसरोवर जयपुर को केकड़ी जिले के सरवाड़ थाना इलाके से डिटेन कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी पर डीसीपी दिगंत आनंद द्वारा 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि गैंगस्टर्स, वांछित अपराधियों, अपराधिक गिरोह एवं तस्करों की जानकारी एवं धरपकड़ के लिए उपमहानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन में एजीटीएफ की विभिन्न टीमों को प्रदेश के अलग-अलग शहरों में भेज कर गुप्त रूप से आसूचनाऐं संकलन की जा रही है। इसी क्रम में उप निरीक्षक सुभाष सिंह के नेतृत्व एवं एएसआई शंकर दयाल, हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार, नरेंद्र सिंह कमल सिंह, कांस्टेबल नरेश कुमार एवं चालक सुरेश कुमार को रवाना किया गया था।

आरोपी शंकर मेघवाल

■ **शाम को सब्जी लेने घर से निकले थे युवक, अगवा कर युवक की मां से मांगी थी एक लाख की फिरौती**

■ **पुलिस ने आरोपी को केकड़ी जिले के सरवाड़ इलाके से दबोचा**

आसूचना संकलन के दौरान टीम के सदस्य हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह को सूचना मिली कि जुलाई महीने में मुहाना जयपुर में हुए अपहरण व हत्या के मामले में 25 हजार इनामी शंकर मेघवाल सरवाड़ थाना इलाके के किसी गांव में फरारी काट रहा है। इस पर टीम ने सूचना को विकसित किया तो आरोपी के कशीर गांव में छुपे होने की सूचना मिली। टीम ने दबिश देकर आरोपी को घेर कर पकड़ लिया। जिसे अग्रिम कार्रवाई के लिए मुहाना थाना पुलिस को सौंप दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि करौली जिले में सपोटरा निवासी नेमीचंद महावर, सवाई माधोपुर के सूरवाल में अंडून्डी गांव निवासी मनीष कुमार बैरवा और उसका साथी देवराज बैरवा मुहाना थाना इलाके में रामपुरा रोड पर किराए का कमरा लेकर रहते थे।

8 जुलाई की सुबह देवराज काम पर चला गया। शाम को मनीष और नेमीचंद सब्जी लेने घर से बाहर निकले थे, जो वापस नहीं लौटे। अगले दिन देवराज को मनीष की मां ने फोन कर बताया कि बदमाश मनीष को छोड़ने के लिए 1 लाख रुपये की फिरौती मांग रहे हैं। देवराज की रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।

अगवा किए गए दोनों युवकों से बदमाशों ने बेरहमी से मारपीट की, जिसमें एक युवक नेमीचंद की मौत हो गई। बदमाश नेमीचंद की लाश ठिकाने लगाने की तैयारी कर रहे थे, इसी दौरान पुलिस को सूचना मिल गई। करीब 125 किलोमीटर पीछा कर अजीतगढ़ इलाके से पुलिस ने आरोपी तुषार उर्फ लिटिल मीणा, आशीष बेरवा तथा शंभू दयाल वर्मा को गिरफ्तार कर अपहृत मनीष कुमार बैरवा को उनके कब्जे से छुड़ा लिया था।

एडीजी एमएन ने बताया कि अपहरण एवं हत्या के इस मामले में फरार चल रहे आरोपी मनीष जाट (20) व अंकित जाट (20) निवासी गांव दयाल का नांगल थाना पाटन जिला नीमकाथाना एवं शंकर मेघवाल निवासी कृष्णा नगर जयपुर की तलाश के लिए डीसीपी दिगंत आनंद द्वारा 25-25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। आरोपी शंकर मेघवाल के विरुद्ध पूर्व में भी मारपीट, जमीन विवाद, अपहरण आदि के विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज हैं। जो पुलिस से बचने घटना के बाद फरारी काटने के लिए गुड़गांव, नोएडा तथा बिहार चला गया था।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन एवं पुलिस उप निरीक्षक हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह की विशेष भूमिका तथा एएसआई शंकर दयाल, हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार व कमल सिंह, कांस्टेबल नरेश कुमार व कांस्टेबल चालक सुरेश कुमार का सराहनीय योगदान रहा।